# World cup 2019: बांग्लादेश को हराकर ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल की राह पर

**बेमेल माने जा रहे मुकाबले को बांग्लादेशी बल्लेबाजों के जुझारूपन ने एकबारगी रोमांचक बना डाला लेकिन ऑस्ट्रेलियाई रनों के पहाड़ के आगे गुरुवार को विश्वकप के बड़े स्कोर वाले मैच में 48 रन से पीछे रह गए.**

**नाटिंघमः एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेमेल माने जा रहे मुकाबले को बांग्लादेशी बल्लेबाजों के जुझारूपन ने एकबारगी रोमांचक बना डाला लेकिन ऑस्ट्रेलियाई रनों के पहाड़ के आगे गुरुवार को विश्वकप के बड़े स्कोर वाले मैच में 48 रन से पीछे रह गए. पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश का दावा पुख्ता कर लिया. डेविड वॉर्नर के 147 गेंद में 166 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 381 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 333 रन जोड़े जो वनडे क्रिकेट में उसका सर्वोच्च स्कोर है. मुशफिकुर रहीम 97 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के के साथ 106 रन बनाकर नाबाद रहे. तामिम इकबाल (62), महमूदुल्लाह (69) और शाकिब अल हसन (41) ने भी उम्दा पारियां खेली. इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया छह मैचों में 10 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि बांग्लादेश छह मैचों में पांच अंक के साथ पांचवें स्थान पर है. इससे पहले, वॉर्नर की 166 रन की जिम्मेदाराना पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 381 रन बनाए.वॉर्नर का यह टूर्नामेंट में दूसरा शतक था. आमतौर पर आक्रामक




खेलने वाले वॉर्नर ने अपने स्वभाव के विपरीत जाकर संयम का परिचय दिया. उन्होंने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए अपना 16वां वनडे शतक पूरा किया . अपनी छठी 150 रन से अधिक की पारी खेलने वाले वॉर्नर ने 147 गेंदों का सामना करके 14 चौके और पांच छक्के लगाए. पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले वॉर्नर ने कप्तान आरोन फिंच (53) के साथ 121 रन जोड़े और फिर उस्मान ख्वाजा (89) के साथ 192 रन की साझेदारी की.ग्लेन मैक्सवेल ने आखिर में 10 गेंद में 32 रन बनाये जिसमें तीन छक्के और दो चौके लगाये . वह ख्वाजा के साथ गलतफहमी के कारण रन आउट हो गए. बारिश के कारण खेल उस समय रोकना पड़ा जब एक ओवर ही बाकी था . उसके बाद मार्कस स्टोइनिस (17) और एलेक्स कारे (11) ने आखिरी ओवर में मुस्ताफिजूर रहमान को 13 रन जड़े. ऑस्ट्रेलिया का विश्वकप में यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है. मध्यम तेज गेंदबाज सौम्य सरकार ने 58 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि रहमान को एक विकेट मिला. शुरुआती स्पेल में मशरेफी मुर्तजा और रहमान ने अनुशासित गेंदबाजी की. दूसरी ओर वॉर्नर और फिंच ने भी कोई जोखिम नहीं लेते हुए छह से कम की औसत से रन बनाए. स्पिनर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन के आने के बाद बल्लेबाजों ने हाथ खोले. वॉर्नर ने शाकिब को मिडविकेट पर छक्का लगाया जबकि फिंच ने हसन को लगातार दो छक्के लगाए. तेज गेंदबाज रूबेल हुसैन ने अच्छी लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी की लेकिन वॉर्नर और फिंच ने अर्धशतक पूरे कर डाले. सरकार ने फिंच को 21वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. वॉर्नर को हालांकि उस्मान ख्वाजा के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला. दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 192 रन जोड़े. सरकार ने वॉर्नर को आउट करके इस साझेदारी को भी तोड़ा लेकिन तब तक स्कोर 300 के पार जा चुका था.

# सचिन, सौरव और लक्ष्मण को BCCI की दो टूक, या तो कमेंट्री कर लें या IPL में भूमिका निभा लें

**नई दिल्ली- एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के लोकपाल डीके जैन ने सचिन तेंदुलकर (Sachin Tendulkar), सौरव गांगुली (Sourav Ganguly) और वीवीएस लक्ष्मण (VVS La&man) जैसे पूर्व क्रिकेटरों द्वारा आईसीसी वर्ल्ड कप (ICC Cricket World Cup 2019) में कमेंटेटर की भूमिका निभाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं.

जैन के मुताबिक, ऐसे में जब ये खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में कई फ्रेंचाइजी टीमों के साथ पहले से जुड़े हुए हैं, विश्व कप में कमेंटेटर के तौर पर इनकी भूमिका कैसे स्वीकार्य हो सकती है. जैन की इस आपत्ति पर बीसीसीआई और प्रशासकों



की समिति (COA) सकते में है.

आईएएनएस से बात करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सीओए के एक सदस्य ने कहा कि समिति जैन द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब खोजने का प्रयास कर रही है.सदस्य ने कहा, हां, हम इस मामले पर विचार करेंगे और इसका हल निकालने की कोशिश करेंगे. यह सच है कि इसमें अधिक रोक-टोक दिखाई दे रही है.

**ये आपत्ति जताई**

जैन ने न सिर्फ आईपीएल में फ्रेंचाइजी टीमों के साथ जुड़े पूर्व खिलाड़ियों के कमेंटेटर बनने पर आपत्ति जताई है बल्कि उन्होंने यह भी कहा है कि जिन खिलाड़ियों ने अब तक संन्यास नहीं लिया है, वे भला कैसे टेलीविजन पर एक्सपर्ट की भूमिका अदा कर सकते हैं.

**हरभजन और पार्थिव भी घेरे में**

हरभजन सिंह और पार्थिव पटेल जैसे खिलाड़ी कमेंट्री कर रहे हैं, जबकि इन्होंने संन्यास नहीं लिया है. ये दोनों आईपीएल के बीते सीजन में भी खेले थे.

**सिफारिशों का उल्लंघन**

जैन ने कहा कि एक्सपर्ट के तौर पर ये खिलाड़ी लोढ़ा समिति की सिफारिशों का उल्लंघन कर रहे हैं .

# बांग्लादेश ने दी ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर तो ट्विटर पर उड़ा पाकिस्तानी टीम का मजाक

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने खूब वाहवाही बटोरी.**

**नई दिल्लीः एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेले गए आईसीसी वर्ल्ड कप-2019 (ICC World Cup 2019) के मैच में बांग्लादेश को 48 रनों से हरा दिया. ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 381 रन बनाए थे. जबाव में बांग्लादेश काफी कोशिश के बाद 50 ओवरों में आठ विकेट खोकर 333 रन ही बना सकी. बेमेल माने जा रहे मुकाबले को बांग्लादेशी बल्लेबाजों के जुझारूपन ने एकबारगी रोमांचक बना डाला, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई रनों के पहाड़ के आगे वे विश्व कप के बड़े स्कोर वाले



मैच में 48 रन से पीछे रह गए. इस मुकाबले में उम्मीद से ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने खूब वाहवाही बटोरी.

इन दो देशों के मुकाबले के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट टीम सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुई. इसकी वजह यह थी कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों को अपने चिर-प्रतिद्वंदी भारत से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी, तो वहीं दूसरी ओर पूरे टूर्नामेंट में इस टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा है. यह टीम प्वाइंट टेबल में 3 अकों के साथ 9वें नंबर पर है. जबकि बांग्लादेश जैसी टीम पांचवें स्थान पर है.

बांग्लादेश को हराने के बाद पांच बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश का दावा पुख्ता कर लिया. डेविड वार्नर के 147 गेंद में 166 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 381 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 333 रन जोड़े जो एक दिवसीय क्रिकेट में उसका सर्वोच्च स्कोर है.इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया छह मैचों में 10 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि बांग्लादेश छह मैचों में पांच अंक के साथ पांचवें स्थान पर है.

# कोहली का बच्चों को संदेश, क्रिकेट आपको बनाएगा बेहतर इंसान

**क्रिकेट विश्व कप की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी वीडियो में कोहली ने कहा कि मेरा मानना है कि क्रिकेट बच्चों की जिंदगी में वास्तव में बदलाव ला सकता है।**

**साउथम्प्टन। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच से पहले यहां स्कूली बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर अपना समय बिताया। भारतीय टीम के सदस्यों कोहली, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत ने स्कूली बच्चों के लिये आयोजित क्रिकेट क्लीनिक में हिस्सा लिया। इसका आयोजन आईसीसी ने गुरुवार को रोज बाउल स्टेडियम में किया था।

क्रिकेट विश्व कप की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी वीडियो में कोहली ने कहा कि मेरा मानना है कि क्रिकेट बच्चों की जिंदगी में वास्तव में बदलाव ला सकता है। यह वास्तव में आपको एक इंसान के रूप में बेहतर बनाता है क्योंकि इसमें आप ऐसे दौर से गुजरते हो जो कि काफी हद तक जिंदगी से मिलते जुलते हैं।

उन्होंने कहा कि आप इससे जिंदगी के उतार चढ़ावों का समझते हैं। आपको पता चलता है कि बेहतर समय क्या होता है और बुरे दौर से कैसे वापसी करनी है। इसलिए मेरा मानना है कि क्रिकेट कई मायनों में अच्छा शिक्षक भी है।

